
तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

11 सिकलसेल के मरीजों और परिजनों की जांच के ...


12 फील्ड में जाकर जनगणना कार्य का ...




## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद दो आरोपी पकड़े गए

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सब्जी मंडी के पास से दो लोगों के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सब्जी मंडी के पास कच्ची रोड बागबाहरा से आरोपी हीरा लाल नेताम पिता ताराचंद नेताम (37 वर्ष) एवं रूपलाल यादव पिता मंटू लाल यादव (25 वर्ष) के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब 3200 रुपए, स्कूटी को बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब बरामद महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम खेमड़ा में तालाब के पास एक महिला के कब्जे से बसना पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी महिला जीनी पाईक पति बिन्याबीन पाईक (59 साल) वार्ड नं 03 नायकपारा बसना के कब्जे से करीबन 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक से गांजा का परिवहन, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर बाइक में गांजा लेकर आ रहे दो लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मुखबीर से सूचना मिला कि बाइक क्र. सीजी 11 एजेड 3766 में ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर गांजा परिवहन करते आ रहे लोगों को ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर रोका। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम देवचरण रात्रे पिता स्व निलाकर रात्रे (46) बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा, किशोर राउतिया पिता अमरूत राउतिया (25 साल) पेटूपाली थाना मेलछामुंडा जिला बरगढ़ ओडिशा बताए। आरोपियों के कब्जे से 6 किलो गांजा कीमत 300000 रुपए और बाइक को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख)(ii(ख), 29(1) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# डेढ़ करोड़ में हाइटेक संयंत्र लगाने की तैयारी
# मशीनें खुद करेंगी कचरे की छंटाई और प्रोसेसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पर्यावरण संरक्षण के साथ आय के नए स्त्रोत विकसित करने पालिका द्वारा शहर में कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किए जाने की योजना है। तकरीबन डेढ़ करोड़ की अत्याधुनिक मशीनों से कचरे की छंटाई, प्रोसेसिंग और रिसाईकलिंग होगी। इससे निपटान और पुनः उपयोग संभव हो सकेगा। शहर में उत्पन्न होने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग कर उपयोगी सामग्री को पुनः उपयोग के लिए तैयार किया जा सकेगा जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आय के नए स्त्रोत भी विकसित होंगे। पालिका का यह प्लान कचरे के निपटान में बेहद अहम साबित हो सकता है।



### स्व-सहायता समूहों को मिलेगा लाभ

कचरे के प्रसंस्करण से स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। वे कचरे से उपयोगी वस्तुएं तैयार कर आय अर्जित कर सकेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### रिसाइक्लिंग और पुनः उपयोग पर फोकस

परियोजना में रिसाइक्लिंग और पुनः उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्लास्टिक, कागज और अन्य उपयोगी सामग्रियों को अलग कर उनका पुनः उपयोग किया जाएगा।

### यूजर चार्ज वसूली में सख्ती

नगर पालिका द्वारा यूजर चार्ज वसूली को लेकर भी सख्ती बरती जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे नियमित रूप से यूजर चार्ज का भुगतान करें, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

## पोल्ट्री फार्म में मुर्गी चोरी, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पतेरापाली स्थित पोल्ट्री फार्म में हुई चोरी की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। पुलिस को पिटियाझर निवासी बसंत चंद्राकर ने बताया कि उसका पोल्ट्री फार्म ग्राम पतेरापाली में है। पोल्ट्री फार्म की देखरेख के लिए चौकीदार विजय ध्रुव को उसने रखा है, जो रात में ड्यूटी करता है। 29 मार्च को सुबह करीबन 7 बजे मेरा चौकीदार विजय ध्रुव फोन करके बताया कि पोल्ट्री फार्म में लगा जाली शेड टूटा हुआ है और मुर्गी चोरी हुआ है। प्रार्थी ने जब पोल्ट्री फार्म में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक करने पर देखा कि एक व्यक्ति 29 मार्च की रात्रि 1.19 बजे में प्रवेश कर मुर्गी करता हुआ दिखाई दिया। जब उसने फुटेज को अपने परिचित को दिखाकर पता किया, उन्होंने उसकी पहचान आनंद राय के रूप में पहचान की। प्रार्थी ने 35 नग मुर्गी को आनंद राय नयापारा महासमुंद के द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट कोतवाली में लिखाई है, जिस पर आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**घटना:** पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, पिथौरा थाना क्षेत्र का मामला

# एक ही चुनरी में लटका मिला युवक-युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

शहर के समीपस्थ ग्राम पोटापारा के खेत में पलाश पेड़ पर सोमवार सुबह एक युवक और एक नाबालिग युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दरअसल, एक दिन पूर्व ही जिले के भंवरपुर क्षेत्र में इसी प्रकार की घटना सामने आई थी। मामले को एक दूसरे से प्रेरित होकर उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

बड़ी संख्या में मौके में मौजूद ग्रामीणों की मौजूदगी में यहां पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर इसे मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला बताते हुए घटनास्थल का मुआयना किया और शवों को नीचे उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतका 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी ग्राम धरमपुर (खल्लारी) की रहने वाली थी। उसके परिवार में शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिसके चलते घर में खुशी का माहौल था। इसी बीच रविवार सुबह से किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने पहले गांव में ही खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। शादी की व्यस्तता के कारण परिजनों ने थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई गई। वहीं मृतक की पहचान 22 वर्षीय धनेश्वर खड़िया के रूप में हुई है, जो पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बनपचरी का निवासी था। बताया जा रहा है कि धनेश्वर उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्ठे में काम करता था और घटना से दो दिन पूर्व ही अपने घर लौटा था। उसके परिजन भी सोमवार को ही ईंट भट्ठे से वापस लौटे और उन्हें अपने बेटे की मौत की दुखद खबर मिली, जिससे परिवार में मातम छा गया।



### नाबालिग किशोरी के घर में शादी की खुशियां मातम में बदली

जानकारी के अनुसार मृतका के मामा का गांव बनपचरी है, जहां से दोनों के बीच परिचय हुआ और धीरे-धीरे यह संबंध प्रेम प्रसंग में बदल गया। ग्रामीणों के मुताबिक रविवार शाम को दोनों को ग्राम पोटापारा के तालाब के पास एक साथ देखा गया था। घटनास्थल की परिस्थितियों और प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आखिर किन परिस्थितियों और कारणों से दोनों ने यह कदम उठाया। इस हृदयविदारक घटना से दोनों गांवों में शोक का माहौल है। एक ओर जहां नाबालिग किशोरी के घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं, वहीं युवक के परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# 6 लाख की चोरी का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- शत प्रतिशत सामान भी हुआ बरामद सीसीटीवी एवं टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर मिली सफलता

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाले शातिर चोर को बसना पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए न केवल आरोपी को पकड़ा, बल्कि चोरी गया शत प्रतिशत सामान भी बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार 28 मार्च को प्रार्थी घासी राम पटेल पिता स्व. जगतराम पटेल 67 साल सिरको बांधपारा थाना बसना ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 मार्च को सुबह करीब 10 बजे पदमपुर ओडिशा चला गया तथा इसकी पत्नी ग्राम केशरीपुर चली गयी थी। घर में कोई नहीं था। जब वापस इसकी पत्नी घर आई तो देखा कि बाहर का दरवाजा अंदर से लगा हुआ था, जब पीछे के दरवाजा से जाकर देखी तो पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। घर अंदर आकर देखी तो कमरा में सामान बिखरा हुआ, आलमारी टूटा हुआ था। आलमारी के अंदर में रखे सोना चांदी के जेवरात एवं कपड़े के बैग में रखा नगदी रकम नहीं था। आसपास देखने पर नहीं मिला। संभवत कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है।

घर के लोहे के आलमारी में रखें पुरानी इस्तेमाली सोने का माला एक नग, कर्णफुल दो नग वजन 25 ग्राम कीमती लगभग 50,000 रुपए, पुरानी इस्तेमाली दो नग चांदी पायल, बिछिया दो नग, अंगूठी दो नग वजन 40 ग्राम कीमती लगभग 30,000 रुपए नगदी रकम 5,15000 रुपए जुमला 5,95,000 रुपए को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए पृथक-पृथक टीम गठित कर मुखबिरों की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध को पकड़ा गया। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी सिलास सागर पिता रोहित सागर 25 साल ग्राम सिरको थाना बसना ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही के आधार पर चोरी गए माल को बरामद किया गया है।



## संत समागम एवं राष्ट्रीय सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत



**महासमुंद।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छग द्वारा आयोजित संत समागम एवं पंचम राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश द्विवेदी एवं उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत फूल माला के साथ नेहरू चौक में किया गया। इस दौरान स्वागत में पटाखे भी फोड़े गए। इसमें प्रमुख रूप से जगेश राय प्रदेश महामंत्री, देवीचंद राठी प्रदेश संगठन मंत्री, कृष्ण कुमार चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष, मानवाधिकार प्रकोष्ठ का शहर अध्यक्ष राजू चंद्राकर, कार्यक्रम सह संयोजक पीयूष साहू, मोहनी शर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर, मिनकेतन दास, डा. नरेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी छग के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने कहा कि 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे से संत समागम एवं राष्ट्रीय सम्मेलन शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में आयोजित है। सभी सनातन धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचे। शारदा पीठ के पूर्व शंकराचार्य स्वामी त्रिलोक स्वरूप का भी आगमन होगा।

# एजेंसी-होटलों से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा जिले में संचालित समस्त गैस एजेंसियों को अपने स्टॉक की जानकारी को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा गत दिवस विकासखंड बसना स्थित गैस एजेंसी बंसुलीडीह इंडेन ग्रामीण वितरण की जांच की गई। जांच में एजेंसी में स्टॉक मूल्य बोर्ड अद्यतन नहीं किया जाना एवं स्टॉक पंजी संधारण नहीं जाना पाया गया। स्टॉक के भौतिक सत्यापन करने पर स्टॉक में सर्वर अनुसार एवं भौतिक रुप में पाए स्टॉक में अंतर पाया गया। जिसके कारण संबंधित गैस एजेन्सी द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने के कारण गैस एजेंसी के संचालक तिरिथ राम पटेल से 648 नग गैस सिलेण्डर जब्त किया गया इसी तरह खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा महासमुंद के होटलों, ढाबों एवं ठेलों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। दीपक चाट सेंटर में 02 नग घरेलू सिलेंडर, संदीप दाबेली सेंटर में 01 नग घरेलू सिलेंडर, ईडली दोसा सेंटर में 01 नग घरेलू सिलेंडर, शाही बिरयानी सेंटर में 01 नग घरेलू सिलेंडर, नवनीत पान चाय काफी में 01 नग घरेलू सिलेंडर, राजेश नाश्ता सेंटर में 01 नग घरेलू सिलेंडर इस प्रकार कुल 06 प्रतिष्ठानों से कुल 7 नग घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यवसायिक दुरुपयोग पाये जाने पर जब्त किया गया है। संबंधित गैस एजेंसी एवं प्रतिष्ठानों के द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 के प्रावधानो का उल्लंघन किये जाने के कारण घरेलु गैस सिलेण्डरो की जब्ती का प्रकरण सक्षम न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी अजय यादव द्वारा यह अपील की गई है कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में ईंधन के रुप में व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करें। होटलों एवं ढाबों की नियमित जांच खाद्य विभाग द्वारा किया जाता रहेगा।



# ऑटो में बैठे लोगों ने युवक से लूट लिया मोबाइल

**महासमुंद।** ऑटो में बैठकर अपने घर घोड़ारी जा रहे एक युवक से दो लोगों ने मारपीट कर उसका मोबाइल लूट लिया। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को चंद्रशेखर कोसले निवासी वार्ड नं 02 खल्लारी माता फिंगेश्वर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद हाल निवास नदी मोड़ घोड़ारी बाजार पारा थाना व जिला महासमुंद ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च को दोपहर फिंगेश्वर से बस में बैठकर महासमुंद करीबन 05.54 बजे बस स्टैंड में बस से उतरकर पैदल घोड़ारी की ओर जा रहा था, तभी महानदी हॉस्पिटल के सामने पीछे से आ रही ऑटो को हाथ दिखाकर रोका, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, उसने ऑटो वाले को घोड़ारी नदी मोड़ जाने बोला, जिस पर उसने अपने अपने ऑटो में बैठाया। खरोरा शहीद स्मामरक के पास तालाब के किनारे ले जाकर ऑटो के चालक द्वारा वाहन को रोक दिया और पूछने पर कहा कि दो मिनट रूककर चलेंगे कहकर तालाब में शिव मंदिर के पास चले गये और उसे भी अपने पास बुलाया। जब वह शिव मंदिर के पास गया तो वे दोनों व्याक्ति गांजा पीने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति मुझसे मोबाईल मांगा, जब उसने मना किया तब उक्त व्यक्ति ने मोबाइल को लूट लिया और उसके डराने धमकाने और मारपीट की। इसके बाद दोनो व्यक्तियों ने उसे शिव मंदिर से कुछ दूर तलाब किनारे ले जाकर छोड दिया। इसके बाद प्रार्थी ने एक व्यक्ति से मोबाइल मांग कर घटना की जानकारी अपने पिता की दी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध 296, 3(5), 309(6), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



# बच्चों की देखभाल या व्यवस्थाओं में लापरवाही परहोगी कार्रवाई

## कलेक्टर ने ली छात्रावास-आश्रम अधीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सभी छात्रावासों और आश्रमों के अधीक्षकों की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई। यह बैठक कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संस्थाओं के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय और सभी विकासखंडों के खंड प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया कि सभी अधीक्षक छात्रावास में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा का ध्यान रखें। निवासरत विद्यार्थियों के लिए नियमित दिनचर्या सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर कहा कि छात्रावासों में निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजन की नियमित जांच की जाए। छात्रावास और आश्रम बेहद संवेदनशील स्थल हैं, इसलिए सभी अधीक्षक बच्चों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की देखभाल या व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधीक्षक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। महासमुंद जिला सूखा प्रभावित क्षेत्र होने के कारण गर्मी के मौसम में भूजल स्तर काफी नीचे चला जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जल संचयन और संरक्षण के लिए विशेष निर्देश दिए। सभी छात्रावासों और आश्रमों में भूजल को रिचार्ज करने के लिए तत्काल अपने स्तर पर सोखता गड्ढों का निर्माण समय पर पूरा किए जाने कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों और स्टाफ को पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। ताकि, जल संकट से बचा जा सके। संस्थाओं के माहौल को जीवंत और हरा-भरा बनाने के लिए कलेक्टर ने किचन गार्डन और वृक्षारोपण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रावासों और आश्रमों में अनिवार्य रूप से किचन गार्डन विकसित किए जाएं। नियमित रूप से वृक्षारोपण का कार्य किया जाए। इससे न सिर्फ बच्चों और स्टाफ में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि बच्चों को ताजी और पौष्टिक सब्जियां भी उपलब्ध हो सकेंगी। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश देते हुए सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) और सभी विकासखंड प्रभारियों को भी सक्रिय रहने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी जिम्मेदार अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर छात्रावासों और आश्रमों का नियमित आकस्मिक निरीक्षण करें। ताकि, व्यवस्थाएं दुरुस्त बनी रहें।

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यकारिणी का विस्तार, पवन बने विशेष आमंत्रित सदस्य



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति से विस्तार किया गया। भाजपा जिला प्रभारी जयंती पटेल एवं जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा पर पिथौरा के युवा भाजपा नेता पवन अग्रवाल को भाजयुमो जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर पवन ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित वरिष्ठ भाजपाईयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

### तुमगांव में माता कर्मा जयंती महोत्सव आज

**महासमुंद।** तुमगांव में नगर साहू समाज द्वारा 31 मार्च मंगलवार को दुकान चौक के पास संत शिरोमणी माँ कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा 3 बजे एवं अतिथि सम्मान 07 बजे होगा। वहीं शाम 6 बजे से लोक प्रयाग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यकम के मुख्य अतिथि ढालूराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ महासमुंद, अध्यक्षता ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, विशेष अतिथि धरमदास साहू पूर्व जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ, देवेश साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, ललित साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ महासमुंद, बलरामकांत अध्यक्ष नपं तुमगांव, निखिलकांत अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, गोपा मोती साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, संतोष साहू अध्यक्ष भोरिंग परिक्षेत्र साहू समाज, रेखराम साहू उपाध्यक्ष भोरिंग परिक्षेत्र, मानिक साहू जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस मोर्चा, दिनेश्वर साहू अध्यक्ष, सरपंच संघ महासमुंद, धनेश्वरी रोशन साहू पार्षद नगर पंचायत तुमगांव, रोहित साहू पार्षद नपं तुमगांव, भुनेश्वर साहू पार्षद नपं तुमगांव, गौरी थानू साहू पार्षद नपं तुमगांव होंगे।

### पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने कस्टमर को पीटा

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने दो पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय के खिलाफ एड्रेस विवाद को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी लोकेश्वर सिंह ठाकुर ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश्वर ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात साढ़े 12 बजे ऑनलाइन पिज्जा के लिए आर्डर किया था। लोकेशन ट्रेस नहीं होने पर पिज्जा डिलीवरी करने वाले ने लोकेश्वर के साथ पहले मोबाइल पर बहस की। इसके बाद पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय अपने एक अन्य साथी के साथ लोकेश्वर के घर पहुंचा। डिलीवरी देने के बाद डिलीवरी ब्वॉय ने अपने साथी के साथ मिलकर लोकेश्वर से मारपीट की।

### एनडीपीएस प्रकरणों की जांच के लिए प्रशिक्षण शिविर

**रायपुर।** एनडीपीएस एक्ट प्रकरणों की विवेचना को सुदृढ़ बनाने रविवार को रायपुर कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रशिक्षण शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में सभी पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं विवेचना की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में 125 विवेचक, पुलिस अफसर शामिल हुए।

### आपसी विवाद में मारपीट दो युवकों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक बदमाश तथा उसके साथियों के खिलाफ दो अलग-अलग युवकों ने मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामनगर निवासी चंद्रशेखर ध्रुव ने आर्यन, डब्बू सारथी एवं उनके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते पेट पर चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। संस्कार विश्वकर्मा ने भी डब्बू सारथी, आर्यन और काउ देवार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

---

**चर्चा : राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत गांव-गांव में मुनादी के निर्देश**

# कलेक्टर लंगेह ने की जनगणना कार्य और राजस्व पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना 2026 की तैयारियों के संबंध में जिले के सभी जनपद पंचायतों, तहसीलों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जनगणना कार्य के लिए आवश्यक तैयारियों की प्रगति तथा कर्मचारी एंट्री की स्थिति पर समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा राजस्व एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारी मौजूद थे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, तहसीलदार, नगरीय निकायों के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय दायित्व है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना के लिए नियुक्त किए जाने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की जानकारी शीघ्रता से ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाए। कर्मचारी एंट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर संचालित की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनगणना से जुड़े सभी डेटा की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि जिन कार्यालयों में कर्मचारी एंट्री का कार्य लंबित है, वे इसे प्राथमिकता से पूर्ण करें एवं प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने गणना ब्लॉक निर्धारण की समीक्षा करते हुए उसे पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जनगणना कार्य का प्रथम चरण 1 से 30 मई तक तक सम्पन्न होगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी ली जाएगी।

कलेक्टर ने 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक चलने वाले राजस्व पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को राजस्व पखवाड़ा का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित 15 बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन रिपोर्ट देवें। पखवाड़ा का दूसरा और तीसरा चरण 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक एवं 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक निर्धारित किया जाएगा। इस अवधि में जिले के विभिन्न ग्रामों में रोस्टर के अनुसार शिविर आयोजित कर राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, किसान किताब का वितरण, नक्शा खसरा का वाचन, आय, जाति निवास प्रमाण पत्र तथा आरबीसी 6-4 के तहत प्राप्त प्रकरणों को इस पखवाड़ा के अंतर्गत निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पहले से प्राप्त आवेदन जिनका निराकरण लंबित है, उनका भी निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर परिणाम देने के निर्देश दिए।

## जनभागीदारी से बनेगी नेशनल हाईवे से स्कूल तक पक्की सड़क



**महासमुंद।** जिले में विकास कार्यों को गति देने और आमजन की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जनभागीदारी मॉडल के तहत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ग्राम बेलटुकरी में नेशनल हाईवे से स्कूल तक लगभग 3.50 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण का निर्णय लिया है। ग्राम बेलटुकरी में अब तक कच्चे मार्ग के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनसहभागिता और विभागीय समन्वय के जरिए इस सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। सड़क निर्माण के बाद बच्चों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर लंगेह द्वारा ग्राम के बंधो तालाब के गहरीकरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे जल संरक्षण और सिंचाई सुविधा में सुधार होगा। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मल्टीविलेज योजना के तहत क्षेत्र में शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जनपद सदस्य प्रियंका लवेश, सरपंच सुरेश्वरी बिस्वाल, ईई आरईएस आशीष कुलदीप, खनिज अधिकारी फागू लाल नागेश, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, जनपद सीईओ बीएस मंडावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## माह के अंतिम दिनों में गर्मी के तेवर 40 डिग्री में तपने लगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजनांदगांव 40 .5, रायपुर, बिलासपुर का तापमान 39 .6 डिग्री दर्ज

मार्च के अंतिम दिनों में राज्य में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को राज्य का अधिकतम तापमान राजनांदगांव में 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। इसी तरह रायपुर और बिलासपुर में 39.6 डिग्री गर्मी पड़ी है। बढ़ती गर्मी पर बड़ा बदलाव होने की संभावना अभी नहीं है, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछेक स्थानों पर अंधड़ और बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनने की संभावना है। मार्च के महीने में रायपुर का अधिकतम तापमान अब तक 39.2 तक पहुंचा था, जो रविवार 29 मार्च के 39.6 टेप्रेंचर से पीछे छूट गया। राजनांदगांव में पारा 40.5 डिग्री दर्ज किया गया और इस तरह की स्थिति वहां पहले भी बनी थी। माह के अंत में राज्य में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है और आने वाले दिनों में इसके तेवर में बदलाव होने की संभावना कम है। मार्च के महीने में दो दौर में भारी गर्मी का मौसम बना, जबकि अधिकांश दिन बादल-बारिश जैसी गतिविधि के बीच बीते। रविवार को गर्मी ने अपना तेज असर दिखाया, दोपहर तेज धूप

## खैरा में उत्साह के साथ ज्योत-जंवारा का विसर्जन ...





**महासमुंद।** ग्राम खैरा में चैत्र नवरात्रि पर ज्योत-जंवारा विसर्जन का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। गांव के देवी मंदिरों में नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद शोभायात्रा निकालकर ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवक-युवतियां और बुजुर्ग शामिल हुए। भक्तों ने माता के जयकारों के साथ पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना दिया। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंची, जहां पूरे विधि-विधान के साथ ज्योत-ज्वारा का विसर्जन किया गया।

### पुलिस मुख्यालय, अफसरों से शिकायत के साढ़े चार माह बाद थाने में अपराध दर्ज

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर एक अन्य युवक के खिलाफ एचडीडी मशीन के नाम पर 39 लाख रुपए ठगी का अपराध दर्ज किया है। पीड़ित द्वारा पुलिस मुख्यालय से लेकर अफसरों तक के पास शिकायत दर्ज कराने के साढ़े चार माह बाद ठगी का मामला अब जाकर दर्ज किया है। पीड़ित ने वर्ष 2021 में मशीन खरीदने का सौदा किया था। गुरुनानक चौक निवासी मो. शाहनवाज की शिकायत पर पुलिस ने इमरान नवाब के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि उसने इमरान के साथ 23 जून 2021 को मशीन खरीदने का सौदा किया था।

## बच्चों की प्रतिभा निखारने पिथौरा में 40 दिवसीय संस्कार समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)





संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से संस्कार समर कैंप का शुभारंभ प्रतिभा पब्लिक सकूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामदुलारी सीताराम सिन्हा, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद तथा शिक्षण सस्थान के संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर, नरेश पटेल बीआरसी, गोपाल शर्मा अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच, सत्यनारायण अग्रवाल स्काउट संघ अध्यक्ष, राजा अभिषेक शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष, सुमन जितेंद्र सिन्हा जनपद सदस्य, प्रियंका पटेल डायरेक्टर, सन राइजिंग स्कूल, संतोष साहू स्काउट संघ शिक्षक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रामदुलारी सीताराम सिन्हा ने कहा कि समर कैंप बच्चों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और आगे बढ़ाने का बेहतर मंच प्रदान करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अवसर का लाभ उठाने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से क्षेत्र के बच्चों को डांस, संगीत, स्पोकन इंग्लिश सहित विभिन्न विधाओं में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और भविष्य में वे जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, नरेश पटेल, सत्यनारायण अग्रवाल एवं सुमन जितेंद्र सिन्हा ने भी अपने विचार रखें। संस्कार शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि यह समर कैंप 1 अप्रैल से 10 मई तक 40 दिनों तक संचालित होगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। बीपीएल परिवार की महिलाओं व छात्राओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले नौ वर्षों से बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन गौरव चंद्राकर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डिगेश साहू, राजा बाबू उपाध्याय, आनंद भोई, अनमोल छाबड़ा एवं प्रशांत पांडे का विशेष योगदान रहा।

# पत्रकारिता विवि कराएगा बीएड की भी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विवि में छात्र संख्या बढ़ाने और पाठ्यक्रम को रोजगारोन्मुखी बनाने प्रयोग




प्रदेश के एकलौते पत्रकारिता विवि में अब बीएड की भी पढ़ाई होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने ऑर्डिनेंस तैयार कर लिया है। नियामक संस्था से अनुमति लेने तथा अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात उक्त पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए दाखिले आरंभ कर दिए जाएंगे। सीट संख्या व अन्य चीजों का निर्धारण अभी अंतिम रूप से नहीं हो सका है। मंजूरी मिलने के बाद इन पाठ्यक्रमों में अध्ययन-अध्यापन के लिए फैकल्टी की भी नियुक्ति की जाएगी। गौरतलब है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों को मल्टी डिस्पिलिनरी कैंपस बनाने का प्रावधान है। इसके अनुसार, सभी संकाय या सभी क्षेत्र के छात्रों को अन्य विषय अथवा अन्य पाठ्यक्रम पढ़ने की सुविधा भी प्राप्त होनी चाहिए। परंपरागत पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले विश्वविद्यालयों में भी इसे लेकर प्रयोग किए गए हैं। इसके अंतर्गत विज्ञान के छात्रों को कला-वाणिज्य के विषय तथा कला-वाणिज्य के छात्रों को विज्ञान के विषय पढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग संस्थानों में भी विकल्प के रूप में छात्रों को मानविकी विषय उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**वर्तमान में 450 विद्यार्थी**

पत्रकारिता विवि प्रदेश के सबसे कम छात्र संख्या वाले विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। वर्तमान में यहां यूटीडी में मात्र 450 विद्यार्थी ही अध्ययनरत हैं। अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में यह संख्या अत्यंत कम है। पत्रकारिता संबंधित डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों का संचालन किए जाने के बाद भी यहां छात्र संख्या में विशेष बढ़ोत्तरी बीते वर्षों में नहीं हो सकी है। पत्रकारिता पाठ्यक्रमों के प्रति छात्रों का रूझान भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से घटा है। इसके उलट शिक्षा आधारित बीएड, डीएलएड जैसे पाठ्यक्रमों में छात्रों की दिलचस्पी बढ़ी है और सीट से कई गुना आवेदन इनके लिए प्राप्त होते रहे हैं। यही कारण है कि छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अब नए पाठ्यक्रम भी लॉन्च किए जाने की तैयारी है। पत्रकारिता विवि को 19 फरवरी को एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद नया कुलपति मिला है। लंबे समय से ठप पड़े प्रशासनिक व अकादमिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद अब विवि प्रबंधन कर रहा है।

## ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई में फंसा दुर्ग का रसूखदार पुलिस को धमकाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस ने 137 नशेड़ी वाहन चालकों पर की कार्रवाई

नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 137 नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ियां जब्त की हैं। इस दौरान दुर्ग-भिलाई का एक रसूखदार भी कार्रवाई की जद में आ गया। पकड़े जाने पर वह कार्रवाई से बचने पहले तो पुलिस के हाथ-पांव जोड़ने लगा, लेकिन पुलिस को अपनी जगह टस से मस नहीं होते देख कथित रसूखादार ने अपने ओहदे तथा पहुंच का हवाला देते हुए देख लेने की धमकी दी और अपने आपको एक संगठन विशेष का प्रदेश पदाधिकारी बताया।

**घटना बॉडीवार्न कैमरे में कैद**

*सोशल मीडिया पर राजू की कई बड़े भाजपा नेताओं के साथ फोटो वायरल है और ये वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है क राजू वीआईपी रोड स्थित किसी क्लब या बार से पार्टी अटैंड कर वापस भिलाई जा रहा था। इस दौरान वह नशे की हालत में कार चलाते पकड़ा गया। पूरी घटना पुलिस के बॉडीवार्न कैमरे में कैद हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।*

**सख्त कार्रवाई की जाएगी**

*नशे की हालत में भिलाई के एक कार चालक को पकड़ा गया तो वह अपने रसूख की धौंस दिखाते हुए पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जतबाजी करने की कोशिश करने लगा। कार जब्त कर उचित वैधानिक कार्रवाई की गई है। नशे की हालत में जो भी कार सहित अन्य वाहन चलाते पाए जाएंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।*

*- विवेक शुक्ला*

**कई कार चालक अलग से ड्राइवर लेकर जाने लगे**

जनवरी से लेकर अब तक 14 सौ नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव का केस दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया है। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में लगातार कार्रवाई से सहमे वीआईपी रोड स्थित क्लब, बार में पार्टी के लिए जाने वाले कई रसूखदार अब पुलिस कार्रवाई से बचने अपने साथ ड्राइवर लेकर पार्टी अटैंड करने जा रहे हैं। साथ ही जिन स्थानों पर पुलिस की जांच होती रहती है, वहां से गुजरने के बजाय नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालक रास्ता बदलकर आवाजाही कर रहे हैं।

**प्रदेश के निजी स्कूलों में आरटीई की 19165 सीटों के लिए 16 फरवरी से शुरू हुए हैं आवेदन**

# नए नियमों में उलझीं आरटीई की आधी सीटें, 19 हजार सीटों पर ही प्रवेश, पंजीयन का कल आखिरी दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नए नियम के अनुसार इस बार सिर्फ पहली कक्षा ही एंट्री क्लास




शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने पंजीयन का आज अंतिम दिन है। प्रदेश में इस वर्ष आरटीई की 19 हजार 165 सीटें हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 16 फरवरी से शुरू किए गए थे। 31 मार्च तक छात्रों का पंजीयन इसके लिए किया जाएगा। पंजीयन के पूर्व निजी स्कूलों से रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्त कर पोर्टल पर अपडेट करने सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण की गई थीं। पंजीयन के बाद छात्रों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। अप्रैल माह में लॉटरी निकाले जाने के पश्चात मई में छात्रों को दाखिला प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के 33 जिलों के 6851 विद्यालय आरटीई के अंतर्गत पंजीकृत हुए हैं। इनके अधिक 19165 सीटें हैं। इनमें ही छात्रों को लॉटरी के जरिए प्रवेश मिलेगा। पिछले वर्ष 53,023 सीटों पर छात्रों को दाखिले प्राप्त हुए थे। सीट संख्या कम होने के कारण इस बार अधिक मारामारी की स्थिति निर्मित होगी।

**...तो बढ़ सकती है संख्या**

पिछले वर्ष प्रदेश में आरटीई की 53,023 सीटें थी। आरटीई नियमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बदलाव किए गए हैं। छात्रों को नर्सरी कक्षाओं के स्थार पर केवल पहली कक्षा में ही प्रवेश दिया जाएगा। नए नियम के बाद प्रदेश की आरटीई सीटें घटकर आधी से भी कम रह गई है। इस नए नियम के खिलाफ निजी स्कूलों ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में याचिका लगाई है। निजी स्कूलों के पक्ष में फैसला आने की स्थिति में आरटीई सीटों में वृद्धि होगी अन्यथा जिन 19 हजार 165 सीटों के लिए वर्तमान में पंजीयन जारी है, केवल उन्हीं सीटों पर छात्र प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**ऐसा है शेड्यूल**

- स्कूल प्रोफाइल अपडेट : 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026
- सीटों का सत्यापन और प्रकटीकरण : 1 जनवरी 2026 से 7 फरवरी 2026
- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया (छात्र पंजीयन) : 16 फरवरी 2026 से 31 मार्च
- दस्तावेजों की जांच (नोडल वेरिफिकेशन) : 16 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026
- लॉटरी एवं स्कूल आवंटन : 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026
- स्कूल में प्रवेश की प्रक्रिया : 1 मई 2026 से 30 मई 2026

## खबर संक्षेप

### मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे कल

**महासमुंद।** जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय) में संचालित मेडिकल बोर्ड के अंतर्गत प्रत्येक माह के बुधवार को दिव्यांग प्रमाणपत्रों का सत्यापन, नवीनीकरण एवं नवीन प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं तथा प्रत्येक शुक्रवार को हितग्राहियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक/सामान्य अवकाश होने के कारण उक्त दिवस को जारी किए जाने वाले मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र अब बुधवार 01 अप्रैल 2026 को ही दिव्यांग प्रमाणपत्रों के साथ बनाए जाएंगे। जिले के समस्त हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि वे संशोधित तिथि के अनुसार उपस्थित होकर अपने आवश्यक प्रमाणपत्र बनवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में श्रमिकों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण और समाधान के लिए श्रम विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों 75660-09102, 77469-19994 और 91715-53234 के माध्यम से जिले के श्रमिक अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज करा सकते है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं, जिससे शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# सिकलसेल के मरीजों और परिजनों की जांच के लिए लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में सिकल सेल उन्मूलन मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



यह शिविर बाल आयुष फाउंडेशन बैंगलोर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें जिले के चिन्हित गंभीर सिकल सेल मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता पड़ने वाले मरीजों को विशेष परामर्श एवं उपचार सुविधा प्रदान की गई। शिविर में मरीजों के साथ उनके परिजनों की भी जांच की गई तथा उनका एचएलए टाईपिंग टेस्ट किया गया, जिससे भविष्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त डोनर की पहचान संभव हो सके। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. नागेश्वर राव ने कहा कि सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय पर जांच एवं सही उपचार बेहद आवश्यक है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी रही।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए रूही का चयन



**बागबाहरा।** ग्राम फुलवारी कला में रूही पिता सुनील कुमार चंद्राकर व माता मंजू चंद्राकर का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ। इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा रूही को सम्मानित किया गया। उनके साथ उनके माता-पिता एवं दादी शामिल हुए। रूही के सफलता को बारे में पूछा गया तो उसका कहना है कि विद्यालय में शिक्षक नारायण यादव व प्राचार्य चंद्रसेनी यादव का सहयोग रहा। साथ ही सभी विषय शिक्षकों के साथ उनके माता-पिता योगदान रहा। प्रारंभ से ही रूही चंद्राकर प्रतिभावान है। चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद कुमार सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, एबीओ रमता डे, बीआरसी भूपेश्वरी साहू, नोडल प्राचार्य बीएस बंजारा, संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, एसएमसी सदस्य ने हर्ष जताया है।

## पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय का स्वागत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के कार्य समिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती से देश के आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे महंगाई पर नियंत्रण रखने में भी सहायता मिलेगी और आम जनजीवन को राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य हमेशा आम जनता को राहत देना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना रहा है। आने वाले समय में भी सरकार इसी तरह जनहित में निर्णय लेती रहेगी, जिससे भारत विश्व पटल पर और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनकर उभरेगा। तुषार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि "मोदी है तो मुमकिन है।" उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक स्तर पर ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों में डीजल, पेट्रोल और गैस की कीमतों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है तथा आपूर्ति संकट की स्थिति भी बनी हुई है, वहीं भारत में इन आवश्यक ईंधनों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के उचित मूल्य पर डीजल-पेट्रोल मिल रहा है। इसे केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रधानमंत्री की सशक्त नेतृत्व क्षमता का परिणाम बताया। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक अस्थिरता और आर्थिक दबावों के बावजूद भारत ने जिस तरह ऊर्जा क्षेत्र में संतुलन बनाए रखा है, वह सराहनीय है। यह न केवल सरकार की कुशल रणनीति को दर्शाता है,देश की मजबूत आर्थिक नीतियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का भी प्रमाण है।



## सिंघी में डीजे और भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई माता कर्मा की शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी की जयंती पर ग्राम सिंघी में साहू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा, कलश यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। शोभायात्राओं में कर्मा माता की झांकियां, डीजे और भजन-कीर्तन के साथ समाज की एकजुटता का संदेश दिया गया। शोभायात्रा में माता कर्मा की झांकियां, और पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। यात्रा के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने और माता कर्मा के भक्ति व सेवा के संदेश को प्रसारित किया गया। शोभायात्रा के समापन पर महाप्रसाद/भंडारे का आयोजन किया गया।

## हुलसी ने खरोरा बूथ में सुनी 'मन की बात', जल संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण खरोरा बूथ क्रमांक 211 में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने बूथ अध्यक्ष संजय साहू, मातृशक्ति, युवा एवं भाजपा परिवार के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। संबोधन के दौरान टी-20 विश्व कप की जीत और जम्मू-कश्मीर की टीम द्वारा 70 वर्षों बाद रणजी ट्रॉफी जीतने जैसी खेल उपलब्धियों का भी गौरवगान किया गया, जिसने बेलसोंडा के श्रोताओं में नई ऊर्जा और राष्ट्रप्रेम का संचार किया। इस दौरान मनोज चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, मालती पटेल, अन्नू साहू, उमा साहू, राजकुमारी यादव, आरती चंद्राकर, रागिनी चंद्राकर, जय साहू आदि मौजूद रहे।

# मध्यान्ह भोजन कार्य के लिए रसोइयों को दिया प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन सुचारु रुप से भोजन बनाने एवं संचालित करने के लिए रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल के मार्गदर्शन में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में रसोइयों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में रसोइयों को भोजन बनाने के लिए भोजन सामग्री जैसे कि राशन को साफ एवं धोकर स्वच्छ कर विधि से बनाने एवं बराबर व सही मात्रा में भोजन को पकाने के लिए विस्तार से जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। मध्यान्ह भोजन के लिए किचन शेड व रसोई वाले स्थान को साफ एवं स्वच्छ रखने जैसे बर्तन सामग्री को सफाई कर अलग रखना, राशन सामग्री के स्थान को साफ रखना, चूल्हा वाले स्थान पर भी सफाई एवं स्वच्छ रखने के लिए विभिन्न उपाय बताए गए। ताकि, बच्चों को स्वच्छ, पोषण एवं स्वादिष्ट भोजन मिल सकें। इस प्रशिक्षण में इन विद्यालय में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें हाई स्कूल सिंघोड़ा, केदुवा, तोरेसिंहा एवं सरायपाली में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का निरीक्षण बीईओ सरायपाली टीसी पटेल, एबीओ डीएन दीवान, बीआरसी देवानंद नायक एवं सिंघोड़ा के प्राचार्य पीके ग्वाल ने किया।

## बिरकोनी में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, आकर्षण का केंद्र बने भगवाधारी


**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रामनवमी पर शुक्रवार को रामजानकी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा से पूर्व भगवान श्रीराम की शुभ मुहूर्त पर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने शाही स्नान कर पूजा अर्चना की। मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक सामूहिक मानस पाठ किया। शाम 4 बजे ग्राम के मुख्य मार्ग से श्रीराम भगवान की झांकी को विराजित कर यात्रा प्रारंभ किया। शोभायात्रा राम मंदिर चौक से साहू पारा, चंडी गेट, बरबसपुर रोड, भाटापारा, गौरा गौरी चौक, सरस्वती चौक, सुभाष चौक, बाजार चौक से भक्तिमय वातावरण के साथ बेंड बाजे की धुन पर लोग जय श्रीराम के नारे और हिंदू एकता की जय की नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं शामिल रहे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की चित्र आकर्षण का केंद्र बनी रही। वहीं श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडा के साथ शोभायात्रा में चल रहे थे। वहीं डीजे की धुनों पर भगवा वस्त्रों में बालिकाएं व युवा झूमते-नाचते नजर आए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जमकर अतिशबाजी की गई। सनातन सेवा धर्म समिति के सदस्यों ने विशाल भगवा झंडा लहराकर समापन राम जानकी मंदिर में किया गया। वही भगवान श्रीराम की महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया।





### पूर्व कलेक्टर चौहान का मल्दामाल में स्वागत

**सरायपाली।** ग्राम मल्दामाल में रामनवमी पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व कलेक्टर केएल चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी को आमंत्रित कर स्वागत किया गया। पूर्व कलेक्टर केएल चौहान ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के पावन धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी सामाजिक एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। प्रभु श्रीराम के आदर्श हम सभी के जीवन को दिशा देते रहें। जय श्रीराम इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी के साथ ग्रामवासियों से आशीर्वाद प्राप्त कर अपना मुहिम शुरू किया।



### कक्षा 5वीं, 8वीं का केंद्रीकृत मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

**सरायपाली।** सरायपाली विकासखंड में हाल ही में संपन्न हो रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का मूल्यांकन कार्य 28 मार्च से प्रारंभ हो चुका हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल के मार्गदर्शन में सुचारु एवं शांतिपूर्ण रूप से संचालित हो रहा हैं। अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिका विकासखंड का परिवर्तन किया गया है। ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से सहायक शिक्षक व शिक्षकों का जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार मूल्यांकन कार्य समय में पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया है। विदित है कि मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकन कार्य प्राचार्य को प्रभारी नियुक्तकिया गया है। शाकउमावि एवं मासगुरु गो शाउमावि में विकासखंड के समस्त विद्यालयों का कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो चुका हैं।

### नि:शुल्क शुगर एवं बीपी जांच शिविर कल

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा स्थानीय स्वामी शिवानंद योगभवन कचहरी चौक में 1 अप्रैल को निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति ने लोगों को निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।






## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता को दी गई विदाई

**अरंड (पिथौरा)।** विकासखंड पिथौरा के शासकीय हाईस्कूल अरंड में हिंदी व्याख्याता देउक राम ध्रुव को अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एनपी तिवारी, पूर्व प्राचार्य एसएस मिश्रा व सोनसाय पटेल, संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन एवं विद्यालय स्टाफ पीके कर व्याख्याता, लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल, नाथूराम साहू एवं गेंदराम में विश्वकर्मा उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त व्याख्याता देउक राम ध्रुव की दीर्घकालिक सेवा व उनके सादगी जीवन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना किए।



### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वां ऐपिसोड का प्रसारण स्थानीय सर्किट हाऊस में देखा गया। इस इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हरेंद्र प्रताप सिंह नई दिल्ली, राष्ट्रीय हिन्दु वाहिनी छग प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे रायपुर, नपा उपाध्यक्ष व वाहिनी के प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजू चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू मौजूद रहे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में सारिका यादव बूथ अध्यक्ष के यहां भी मन की बात सुनी गयी। जहां पर भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी परिवारों को मिल रही आधारभूत सुविधाएं

## पक्की सड़कें, नल जल, विद्युत सुविधा से कमार डेरा में आई नई खुशहाली, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे उनका हक भी मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लोग गांव और शहरों की मुख्य बसाहटों से दूर छोटे-छोटे डेरों में रहते थे। ऐसे में पक्की सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की स्थिति में इनका जीवन पूरी तरह जंगल और मजदूरी पर निर्भर था। वनोपज संग्रह, बांस के सामान बनाना और पारंपरिक खेती ही इनके जीविकोपार्जन के साधन थे।

मुख्यधारा से दूरी के कारण इनकी बड़ी आबादी शासकीय योजनाओं के लाभ से भी वंचित थी। अधिकांश लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता या आयुष्मान कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थे। आदिम जाति अनुसंधान केंद्र के आधारभूत सर्वेक्षण 2015-16 के आधार पर महासमुंद जिले में इनका सर्वे कार्य किया गया था जिसके आधार पर वर्तमान में कुल 923 कमार परिवार में कुल जनसंख्या 3309 है, जिनमें पुरुष जनसंख्या 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। सर्वे के अनुसार महासमुंद विकासखंड में 41 ग्राम, बागबाहरा विकासखंड में 33 ग्राम एवं पिथौरा विकासखंड में 2 ग्राम कुल 76 ग्राम में कमार परिवार निवासरत है।




जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुरू हुई प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना पीव्हीटीजी समुदाय के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को गंभीरता से लागू करते हुए सबसे पहले कमार जनजाति के हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया। जिससे जिले के 26 सड़क विहीन बसाहटों में पक्की सड़कों का निर्माण किया गया है। इससे दूर-दराज के डेरों का संपर्क मुख्य गांवों और शहरों से जुड़ने लगा। नल-जल योजना के माध्यम से सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिन घरों में कभी अंधेरा रहता था, वहां अब बिजली पहुंच चुकी है, अब बच्चे रात में भी पढ़ाई कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 678 कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण हुआ, जिससे इन परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला। बहुद्देशीय केंद्रों की स्थापना से एक ही स्थान पर आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका से जुड़ी गतिविधियां शुरू हुईं, जिससे महिलाओं और बच्चों को विशेष लाभ मिला। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अब सीधे इन बस्तियों तक पहुंच रही हैं, जिससे इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता।

## ट्रेनिंग : देश में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना

# फील्ड में जाकर जनगणना कार्य का दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनगणना कार्य का प्रथम चरण जिले में 1 से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी ली जाएगी। चूंकि जनगणना कार्य डिजिटल रूप में पहली बार होने वाली है, इसलिए प्रगणकों को इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे की उपस्थिति में प्रगणकों को प्रशिक्षण देने वाले फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत बसना में आयोजित किया गया। जिसमें सरायपाली, बसना और पिथौरा के कुल 23 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस उद्घाटन अवसर पर एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा ने फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा हर शंका का समाधान मास्टर ट्रेनर से पूछकर अवश्य करें।



प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी तथा नसीब खान द्वारा सभी फील्ड ट्रेनर्स को बसना नगर के वार्ड नंबर एक तथा ग्राम खेमड़ा ले जाकर जनगणना कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रत्येक फील्ड ट्रेनर्स द्वारा दस से पंद्रह घरों में जाकर वांछित प्रश्नों के उत्तर पूछकर मोबाइल एप द्वारा प्रविष्टि किया गया। इसमें आवास, आवास सह अन्य उपयोग, दुकान, कार्यालय, खाली मकान आदि विभिन्न इकाइयों का मकानसूचीकरण किस प्रकार की जाएगी, इसकी विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा मौके पर व्यवहारिक रूप से दिया गया। इस दौरान तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, सीएमओ नगर पंचायत बसना सूरज कुमार सिदार तथा उनके कार्यालयीन स्टाफ भी सहयोग के लिए उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फील्ड ट्रेनर्स द्वारा अब अपने अपने नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को अप्रैल महीने में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कबीरपंथी समाज ने बैठक में की कई मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को स्थानीय कबीर आश्रम रायपुर रोड में सर्व कबीरपंथी समाज की बैठक हुई। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, महासमुंद ब्लाक एवं गरियाबंद जिले से समाज सेवी पदाधिकारीगण एवं बुद्धिजीवी संत समाज की उपस्थिति रही।

बैठक का एजेंडा वर्तमान परिवेश में समाज का बिखराव, खान-पान, रहन-सहन, बच्चों में संस्कार, शिक्षा, सामाजिक एकता एवं विस्तार, मत-मतांतर, रूढ़िवाद, आडंबर, मन वचन कर्म की शुद्धता, मानव चेतना का विकास आदि विषयों पर उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संत समाज द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। जिससे समाज में परिवर्तन एवं नैतिक मूल्य का विकास हो। साथ ही यह भी कहा गया कि कबीर जयंती उत्सव में राज्य शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया जाए यह मांग करने का विचार सर्व कबीर पंथ समाज ने की। संतों की कोई जाति नहीं होती, संत वह है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चले अज्ञान से ज्ञान की ओर ले चले, हमें जीने की राह दिखाएं। आज समाज भगवान को मानते हैं, पर भगवान का नहीं मानते यह चिंता का विषय है। कार्यक्रम में प्रमुख सदस्य रोशन लाल साहू कबीरपंथ साहू समाज उपाध्यक्ष प्रदेश, नंद साहू, गुहान साहू, युवराज साहू, सरोज साहू, गौतम दास मानिकपुरी, कुमारी साहू, रामकुमार, नाथूराम साहू, मानिक साहू, उत्तम कुमार, ब्रिजलाल साव आदि मौजूद थे।

# दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चन्द्राकर ने अपने प्रभार जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल प्रांगण में पार्टी का झंडा फहराया गया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का आरंभ किया गया।



निगम अध्यक्ष ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को जगाकर, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। यह प्रशिक्षण संगठन को मजबूत बनाने, राष्ट्रवादी विचारधारा को फैलाने और युवाओं में सेवा भाव व नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आज हम यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत एकत्रित हुए हैं। दीनदयाल का जीवन राष्ट्र समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। उनका मूल मंत्र था- अंत्योदय अर्थात समाज के सबसे गरीब और अंतिम व्यक्ति का उत्थान। जब तक विकास की किरण उस अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तब तक हमारा उद्देश्य अधूरा है। इस दौरान महासमुंद के वरिष्ठ भाजपा नेता माधवराव टांकसाले, महासमुंद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, द्वारका प्रसाद साहू जिला महामंत्री, रामनारायण देवांगन जिला मंत्री, युवराज शरण सिंह जिला सभापति, टीकाराम जायसवाल सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संतोष कुमार साहू झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संजू साहू जिला महामंत्री युवा मोर्चा, प्रहलाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, हेतराम साहू महामंत्री मंडल बिलाईगढ़, उमाशंकर साहू सरपंच ग्राम पंचायत गोविंदवन, राधा राकेश मंडल अध्यक्ष बिलाईगढ़, अनूप बाई जयसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष बिलाईगढ़ व स्थानीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित थे।



### रामायण सम्मेलन में राम शबरी मिलन का किया बखान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखण्ड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आशा मानस मंडली बिलासपुर, वैष्णव मानस मंडली मुण्डा, दुर्गा मानस मंडली लवन, जय चतुर्भुजी मानस मंडली कोराली धमतरी, चन्द्रपुर चंद्रहासिनी मानस मंडली सारंगढ़ एवं छत्तीसगढ़ मानस मंडली बलौदी मानस मंडली के टीकाकारों ने श्रद्धालुओं को राम शबरी मिलन की कथा सुनाई। श्रीराम के संपूर्ण वनवास काल में अरण्यकांड का अतिमहत्वपूर्ण स्थान है। चित्रकूट से आगे बढ़ते हुए राम, लक्ष्मण व सीता पंचवटी को अपना नया निवास स्थान बनाया। वाल्मीकि रामायण व तुलसीदास की रामचरितमानस के अरण्यकाण्ड में न केवल ज्ञान व भक्ति की महिमा अद्भुत है। सीता के हरण के कारण राम का सीता वियोग उनके भक्तों के लिए भी हृदयविदारक है। श्रीराम अरण्य में ज्ञान व भक्ति रस के नये-नये रूप अपने भक्तों को दिखाते हैं और स्वयं भी संतों व ऋषियों के पास पहुंचकर पाप का नाश करने के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है। रामचरितमानस के अरण्य सोपान के अंतिम भाग में राम-शबरी का मिलन होता है। यह भेंट भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म में कोई साधारण मिलन नहीं है। एक भक्त का अपने भगवान के प्रति अटूट विश्वास व आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है। सभी मानस मंडलियों को श्रीराम फोटो फ्रेम एवं रामटोकरी श्रीफल भेंट किया गया।

# छात्रों को शोध की मूल अवधारणा, विषय चयन, उद्देश्य निर्धारण की दी जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए लघु शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में शामिल शोध प्रविधि एवं लघु शोध-प्रबंध की संपूर्ण प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय तथा विभागीय प्राध्यापकों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर डॉ. भारतीय के शोध-निर्देशन और मार्गदर्शन में एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शोध की मूल अवधारणा, विषय-चयन, उद्देश्य-निर्धारण, रूपरेखा-निर्माण, तथ्य-संग्रह, विश्लेषण और निष्कर्ष तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।



कार्यशाला में सर्वप्रथम डॉ. कलमरेखा ने शोध की आवश्यकता और उसकी बौद्धिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "शोध की जिज्ञासा मनुष्य के भीतर शैशवावस्था से ही विद्यमान रहती है।" उन्होंने शोध समस्या के निर्धारण से लेकर उसके चरणबद्ध अध्ययन, तथ्यों के मूल्यांकन, विश्लेषण तथा समस्या-समाधान कौशल के विकास पर विस्तार से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. जीवन चंद्राकर ने शोध कार्य की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं तकनीकी साधनों के व्यावहारिक उपयोग के माध्यम से शोध कार्य में नवाचार और गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का एक महत्त्वपूर्ण भाग विद्यार्थियों की सहभागिता रहा, जिसमें छात्रों ने अपने चयनित लघु शोध-प्रबंध विषयों जैसे स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, वृद्ध विमर्श आदि पर अपने शोध का उद्देश्य, स्वरूप एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। इससे विद्यार्थियों में शोध के प्रति गंभीरता, प्रस्तुतीकरण-कौशल और अकादमिक दृष्टि का विकास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डॉ. दुर्गावती भारतीय ने विद्यार्थियों को उनके चयनित विषयों पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शोध का अर्थ ज्ञान का पुनरावलोकन, पुनर्विचार और नवीन संदर्भों में उसका परीक्षण करना है। लघु शोध-प्रबंध किसी विशिष्ट विषय पर किया गया संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित अध्ययन है, जो विद्यार्थियों के भावी शोध-कार्य की पूर्वपीठिका सिद्ध होता है। इस अवसर पर सरस्वती वंदना छात्रा दामिनी साहू द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन योशिका ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन प्रमोद बंजारे ने किया। कार्यशाला में कल्याणी साहू सहित सहयोगी विद्यार्थियों में प्रशांत सोनवानी, खेमचंद, तुलसी, तनूजा, यशोदा, सीतेश्वरी, रेशमा, ईशा, लवली, कुसुम, दामिनी तथा द्वितीय सेमेस्टर के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम मचेवा स्थित शैक्षणिक संस्थान महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि डाइट के व्याख्याता किरण कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे सुभाष पांडेय एवं संदीप शर्मा द्वारा कराया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व एवं उसके परिणामों की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की तथा जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षानुसार नहीं रहा, उन्हें भी निराश न होकर आगे बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि किरण कन्नौजे ने विद्यार्थियों को परीक्षा एवं उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उपरांत शिक्षिका रेखा तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्वयं रचित कविता प्रस्तुत की, जिसे सुनकर उपस्थित अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रसन्न हुए। अनीता ग्वाल ने भी छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हिंदी नंदकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता वाणिज्य गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाया गया, जिसे कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों कृति, लिशी, राखी, ज्योतिका, अनन्या, लुविना, नियति, ज्योत्सना, साक्षी, अदिति,मीत, समीर एवं निखिल द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र कुमारी दीप माला बर्मन द्वारा बनाया गया था।




कक्षा ग्यारहवी (विज्ञान संकाय) में प्रथम राधिका यादव 96.8 प्रतिशत, द्वितीय अन्तरा चंद्राकर 91.2, तृतीय राखी यादव 87.4, कक्षा ग्यारहवी (वाणिज्य संकाय) में प्रथम ख़ुशी पाण्डेय 86.6, द्वितीय अंकिता कन्नौजे 83.6, तृतीय समीर देवदास 87.4, कक्षा नवमी प्रथम साक्षी महोबिया 96.33, द्वितीय डॉली सिंहा 95.83, तृतीय हितेश यादव 95.5, कक्षा सातवीं में प्रथम आलिया सेवई 95.86, द्वितीय एनिमा अग्रवाल 94.29, तृतीय ओजल साहू 92.43, कक्षा छठवीं में प्रथम आदर्श भाई 99.14, द्वितीय पूर्वी साहू 97.79, तृतीय गरिमा चमन साहू 92.4, कक्षा चौथी में प्रथम संस्कार नारंग 99.3, द्वितीय तेज कुमार साहू 98.9, तृतीय सोनम साहू 98.6, कक्षा तीसरी में प्रथम गीतांजलि साहू 99.5, द्वितीय आलिया साहू और महक साहू 99.4, तृतीय वंशिका गायकवाड 99.3, कक्षा दूसरी में प्रथम नेमेश साहू 99, द्वितीय लक्ष्य दीवान और कुमकुम साहू 98, तृतीय पूर्वी चंद्राकर 97.8, कक्षा केजी 2 में प्रथम अनन्या ध्रुव, लिपिका साहू और पूर्वी धीवर 99.7, द्वितीय मोक्षिता चंद्राकर और त्रिशिका दीवान 99, तृतीय तिक्षिका यादव और दुष्यंत साहू 98.7, कक्षा केजी 1 में प्रथम दिव्यांश कुमार साहू 99.4, द्वितीय तोशिका देवांगन 98.8, तृतीय समृद्धि सिंहा 98.5, कक्षा नर्सरी में प्रथम आर्या यादव 100, द्वितीय अवांशी यादव 99.6, तृतीय अदिति भोई 99.2 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण रहे।

